# अध्याय 3




# उत्पादन तथा लागत

पूर्व अध्याय में हमने उपभोक्ता के व्यवहार के संबंध में चर्चा की है। इस अध्याय तथा अगले अध्याय में हम उत्पादक के व्यवहार की जाँच करेंगे। एक उत्पादक अथवा फर्म विभिन्न आगतों जैसे– श्रम, मशीन, भूमि, कच्चा माल आदि को प्राप्त करता है। इन आगतों के मेल से वह निर्गत का उत्पादन करता है। इसे उत्पादन की प्रक्रिया कहते हैं। आगतों को प्राप्त करने के क्रम में वह उसके लिए भुगतान करता है। यह उत्पादन की लागत कहलाता है। एक बार निर्गत का उत्पादन कर लेने के बाद फर्म उसे बाज़ार में बेचकर संप्राप्ति प्राप्त करती है। जो संप्राप्ति वह निवल लागत के रूप में अर्जित करती है, वह फर्म का लाभ कहा जाता है। यहाँ हम यह मान कर चलते हैं कि एक फर्म का उद्देश्य अधिकतम लाभ प्राप्त करना है। एक फर्म अपनी लागत संरचना तथा निर्गत के बाज़ार कीमत को ध्यान में रखते हुए उसकी ऐसी मात्रा के उत्पादन का निर्णय करती है, जिससे कि इसका लाभ अधिकतम हो।

इस अध्याय में हम एक फर्म के उत्पादन फलन के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करेंगे। हम यहाँ आगतों तथा निर्गतों के बीच संबंध, उत्पादन प्रक्रिया में एक परिवर्ती आगत का योगदान तथा उत्पादन फलन के विभिन्न गुणों के संबंध में चर्चा करेंगे। इसके पश्चात् हम फर्म की लागत संरचना को देखेंगे। हम लागत फलन तथा इसके विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे। हम अल्पकालीन तथा दीर्घकालीन लागत वक्रों के गुणों के विषय में जानेंगे।

## 3.1 उत्पादन फलन

एक फर्म का **उत्पादन फलन** उपयोग में लाए गए आगतों तथा फर्म द्वारा उत्पादित निर्गतों के मध्य का संबंध है। उपयोग में लाए गए आगतों की विभिन्न मात्राओं के लिए यह निर्गत की अधिकतम मात्रा प्रदान कर सकता है, जिसका उत्पादन किया जा सकता है।



फर्म प्रयास

एक विनिर्माता को लीजिए, जो जूतों का उत्पादन करता है। वह दो श्रमिकों, श्रमिक 1 तथा श्रमिक 2, दो मशीनें – मशीन 1 तथा मशीन 2 तथा 10 किलोग्राम कच्चे माल का प्रयोग करता है। श्रमिक 1 मशीन 1 को चलाने में निपुण है तथा श्रमिक 2 मशीन 2 को चलाने में निपुण है। यदि श्रमिक 1, मशीन 1 का तथा श्रमिक 2, मशीन 2 का उपयोग करता है, तो 10 किलोग्राम कच्चे माल का उपयोग 10 जोड़ी जूतों के उत्पादन के लिए कर सकता है। तथापि, यदि श्रमिक 1 मशीन 2 तथा श्रमिक 2 मशीन 1 उपयोग में

तालिका 3.2 में हम कुल उत्पाद अनुसूची का प्रतिकृति करते हैं तथा औसत उत्पाद से संबंधित मूल्य तथा सीमांत उत्पाद को दर्शाने के लिए तालिका को बढ़ाते हैं। प्रथम कॉलम कारक 1 की मात्रा दर्शाता है तथा चतुर्थ कॉलम में हम संबंधित औसत उत्पाद मूल्य प्राप्त करते हैं। यह दर्शाता है कि कारक 1 की 1 इकाई पर औसत उत्पाद$_1$ निर्गत की 10 इकाई है, कारक 1 की 2 इकाई पर औसत उत्पाद$_1$ निर्गत की 12 इकाइयाँ हैं तथा इसी प्रकार आगे भी।

### 3.3.3 सीमांत उत्पाद

एक आगत का **सीमांत उत्पाद**, प्रति इकाई आगत में परिवर्तन के कारण जो निर्गत में परिवर्तन होता है, जब सभी अन्य आगत स्थिर रखे गये हों, कहा जाता है।

जब कारक 2 को स्थिर रखा जाता है, तो कारक 1 का सीमांत उत्पाद होता है–

$$\text{सीमांत उत्पाद} = \frac{\text{निर्गत में परिवर्तन}}{\text{आगत में परिवर्तन}} = \frac{\Delta q}{\Delta x_1} \qquad (3.4)$$

जहाँ Δ परिवर्त में परिवर्तन का सूचक है। यदि आगत में परिवर्तन विभिन्न इकाइयों से आता है, तब सीमांत उत्पाद निम्नलिखित रूप में परिभाषित हो सकता है। मान लीजिए, कारक 2 $\bar{x}_2$ पर स्थिर है। कारक 2 की $\bar{x}_2$ मात्रा के साथ, मान लीजिए, कुल उत्पाद वक्र के अनुसार कारक 1 की $x_1$ इकाइयाँ निर्गत की 20 इकाइयों का उत्पादन करती हैं, तथा $x_1 - 1$ इकाइयाँ कारक 1 निर्गत की 15 इकाइयों का उत्पादन करती हैं। हम कहते हैं कि सीमांत उत्पादन कारक 1 की $x_1$ वीं इकाई का है:

$$\text{सीमांत उत्पाद}_1 = f(x_1;\ \bar{x}_2) - f(x_1 - 1;\ \bar{x}_2) \qquad (3.5)$$

= (कुल उत्पाद $x_1$ इकाइयों पर) – (कुल उत्पाद x–1 इकाई पर)

= (20–15) निर्गत की इकाइयाँ

= 5 इकाइयाँ निर्गत की

क्योंकि आगत नकारात्मक मूल्य नहीं ले सकते, सीमांत उत्पाद आगत प्रयोग के शून्य स्तर पर अपरिभाषित रहता है। सीमांत उत्पाद कुल उत्पाद के जोड़ होते हैं। एक आगत के प्रयोग के किसी भी स्तर के लिए, उस स्तर तक उस आगत की प्रत्येक इकाई के सीमांत उत्पादों का कुल जोड़, उस प्रयोग के स्तर पर उस आगत के लिए कुल उत्पाद प्रदान करता है। अत: कुल उत्पाद सीमांत उत्पादों का जोड़ है।

प्रयोग के किसी भी स्तर पर एक आगत का औसत उत्पाद उस स्तर तक सभी सीमांत उत्पादों का औसत होता है। औसत तथा सीमांत उत्पाद अक्सर औसत तथा सीमांत प्रतिफल के रूप में क्रमश: परिवर्ती आगतों के लिए जाने जाते हैं।

तालिका 3.1 द्वारा दर्शाए गए उदाहरण में, यदि हम कारक 2 को स्थिर रखें, तो 4 इकाइयों पर हम कुल उत्पाद अनुसूची प्राप्त करते हैं। तब हम कुल उत्पाद से कारक 1 का सीमांत उत्पाद और औसत उत्पाद की व्युत्पत्ति करते हैं। तालिका 3.2 का तृतीय कॉलम दर्शाता है कि कारक 1 की शून्य इकाई पर सीमांत उत्पाद$_1$ अपरिभाषित है। $x_1 = 1$ पर निर्गत है सीमांत उत्पाद$_1$ की 10 इकाइयाँ, $x_2 = 2$ पर निर्गत हैं सीमांत उत्पाद$_1$ की 14 इकाइयाँ तथा इसी तरह यह क्रम चलता रहता है।

